प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डाल सकते है और प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह भारत माता के प्रति भक्ति और श्रद्धा है जो हमें इतिहास की याद दिलाता है, वर्तमान को आत्मविश्वास से भर देता है।

****

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में पुलिस परिवार की ओर से सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में राष्ट्रीय गीत गाकर मातृभूमि के प्रति सम्मान और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में झारखंड पुलिस, आईआरबी, जेप और सहायक पुलिस बल के अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

****

इधर सरायकेला–खरसावां में वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर जिला समाहरणालय प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और उप विकास आयुक्त रीना हांसदा की उपस्थिति में स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में सामूहिक वंदे मातरम गान का आयोजन किया जा रहा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए आज कई दिशा–निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी अंजारिया की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई में सार्वजनिक स्थलों पर कत्तों के प्रवेश रोकने के लिए बाड़ लगाने और उनकी नसबंदी के बाद आक्षय स्थलों पर भेजने का निर्देश दिया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज राज्य की नवनियुक्त प्रभारी पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री से प्रभारी डीजीपी की पहली भेंट थी।

****

खूंटी जिला अंतर्गत शिल्दा गांव के रहने वाले किसान सोमा मुंडा अपनी मेहनत से आर्थिक सशक्तीकरण की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। वे दूसरे युवा किसानों के लिए प्रेरणा भी बन गये हैं। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

****

राज्य में अगले 5–6 दिनों तक मौसम शुष्क और साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है, जिससे ठंड बढ़ेगी। पिछले 24 घंटों में चाईबासा में अधिकतम तापमान 32 दशमलव 8 डिग्री और सिमडेगा के बानो में न्यूनतम 13 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*********समाप्त**********